-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 23.03.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों से हुई मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के 03 सदस्यों को किया गया गिरफ्तार ।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 06 मोटरसाइकिलें व 02 मोटरसाइकिल के इंजन बरामद ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 23.03.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों से हुई मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के 03 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों से वाहन चोरी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर सूचना प्राप्त हुई थी जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत किया गया था। टीमों का गठन कर अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे । इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान दिनांक 22/23.03.2026 की रात्रि को मुखबिर की सूचना पर दीप ढाबा के आगे अतर्रा रोड के पास से 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से चोरी की 02 मोटरसाइकिल व बोरी में 02 मोटरसाइकिल के इंजन बरामद हुए तथा उनकी निशादेही पर 04 अन्य मोटरसाइकिलों सहित कुछ 06 मोटरसाइकिलें बरामद हुई । जिसके सम्बन्ध में पूछताछ की गई तो पाया गया कि उक्त दोनों मोटरसाइकिल विकास भवन व जिला अस्पताल बांदा से चोरी किया गया था। अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे तीनों जनपद बांदा के भीड़-भाड़ वाले स्थानों, सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों आदि से मोटरसाइकिल चोरी करते है तथा उनके पार्ट अलग- अलग कर बेच देते थे तथा वाहनों की पहचान छुपाने के उद्देश्य से वाहनों के नम्बर प्लेट बदल देते थे व नम्बर खुरच (टेम्पर्ड) कर देते थे एवं इंजन/चेसिस नम्बर को भी खुरच कर मिटा देते थे। इनके द्वारा अन्य स्थानों से भी मोटरसाइकिलें चोरी की गई थी। इस सम्बन्ध में गहनता से जांच की जा रही है कि इनके द्वारा और किन-किन स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है।

बरामदगी-

- 06 मोटरसाइकिल (चोरी के)

- 02 मोटरसाइकिल के इंजन (चोरी के)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. प्रशांत उर्फ चंदू उर्फ राणा पुत्र जगतपाल निवासी रामपुर थाना औंग जनपद फतेहपुर।
2. रोहित उर्फ बउवा पुत्र छिद्दू निवासी रामपुर थाना औंग जनपद फतेहपुर।
3. अली मोहम्मद पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी चौडगरा थाना कल्याणपुर जनपद फतेहपुर।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 688/25 धारा 303(2)/317(2)/317(4)/318(4)/112/336(2)/336(3)/340(2)/345(3) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
2. मु0अ0सं0 151/26 धारा 303(2)/317(2)/317(4)/318(4)/112/336(2)/336(3)/340(2)/345(3) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
3. मु0अ0सं0 152/26 धारा 303(2)/317(2)/317(4)/318(4)/112/336(2)/336(3)/340(2)/345(3) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
4. मु0अ0सं0 39/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना मटौंध जनपद बांदा।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त अली मोहम्मद उपर्युक्त-

1. मु0अ0सं0 26/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना औंग जनपद फतेहपुर।
2. मु0अ0सं0 203/20 धारा 41/411 भादवि थाना कल्याणपुर जनपद फतेहपुर।
3. मु0अ0सं0 77/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कल्याणपुर जनपद फतेहपुर।
4. मु0अ0सं0 162/23 धारा 41/411/413/414 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मलवां जनपद फतेहपुर ।
5. मु0अ0सं0 252/23 धारा 380/411/414 भादवि थाना चकेरी जनपद कानपुर।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त प्रशान्त उपर्युक्त-

1. मु0अ0सं0 56/21 धारा 363/366/376 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना औंग जनपद फतेहपुर।
2. मु0अ0सं0 809/20 धारा 411/414 भादवि थाना चकेरी जनपद कानपुर।
3. मु0अ0सं0 299/21 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप(निवारण) अधि थाना महाराजपुर जनपद कानपुर।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. प्र0नि0 कोतवाली नगर श्री बलराम सिंह
2. श्री रामकिशोर यादव चौकी प्रभारी जिला अस्पताल
3. उ0नि0 श्री दीपक कुमार चौधरी
4. उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिंह
5. कां0 चन्दन कुमार
6. कां0 राकेश कुमार
7. कां0 शैलेन्द्र कुमार
8. कां0 राम कुमार